भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
बजट प्रभाग

नई दिल्ली, दिनांक 3 अप्रैल, 2020

अधिसूचना

सरकारी स्टॉक (जी एस) की बिक्री (निर्गम/पुनर्निर्गम) के लिए नीलामी

एफ.संख्या4(5)-बी(डब्ल्यूएंडएम)/2020: भारत सरकार एतद द्वारा नीचे दिए गए अनुसार सरकारी स्टॉक, की बिक्री **(निर्गम/पुनर्निर्गम)** अधिसूचित करती है।

प्रतिभूति का नाम	मूल निर्गम की तारीख	मूल अवधि (वर्ष-माह-दिन)	परिपक्वता की तारीख	नीलामी का आधार	नीलामी की विधि	अधिसूचित राशि (करोड़ में)
नया सरकारी स्टॉक, 2022	13 अप्रैल, 2020	02-00-00	13 अप्रैल, 2022	लाभ	विविध	3,000
6.45% सरकारी प्रतिभूति 2029	07 अक्तूबर, 2019	10-00-00	07 अक्तूबर, 2029	मूल्य	विविध	10,000
नया सरकारी स्टॉक, 2060	13 अप्रैल, 2020	40-05-02	15 सितम्बर, 2060	लाभ	विविध	6,000

भारत सरकार के पास उपरोक्त प्रतिभूतियों में से किसी एक या एक से अधिक के लिए 2,000 करोड़ रुपये की सीमा तक अतिरिक्त अभिदान बनाए रखने का विकल्प होगा जो कि एक ही नीलामी में अन्य प्रतिभूतियों के तहत सेटऑफ करके-, अधिसूचित राशि के भीतर या अधिसूचित राशि से अधिक हो सकता है। वर्ष 2020-21 की पहली छमाही में प्राप्त अतिरिक्त अभिदान राशि 20,000 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होगी और इसे 2020-21 की दूसरी छमाही में समायोजित कर दिया जाएगा। यह बिक्री इस अधिसूचना में उल्लिखित नियमों और शर्तों के अधीन होगी (जिसे 'विशिष्ट अधिसूचना' कहा गया है)। इस स्टॉक की बिक्री भारतीय रिजर्व बैंक, मुंबई कार्यालय, फोर्ट, मुंबई-400001 के माध्यम से भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य अधिसूचना एफ.संख्या 4(2)-डब्ल्यू एण्ड एम/2018, तारीख 27 मार्च 2018 में निर्दिष्ट शर्तों के अधीन की जाएगी।

अप्रतिस्पर्धी बोलीदाताओं को आबंटन

2. सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामियों में अप्रतिस्पर्धी बोली देने की सुविधा की संलग्न स्कीम (अनुबंध) के अनुसार, बिक्री की अधिसूचित राशि का 5 प्रतिशत तक सरकारी स्टॉक पात्र व्यक्तियों और संस्थाओं को आबंटित किया जाएगा ।

नीलामी का स्थान एवं तारीख

3. यह नीलामी भारतीय रिजर्व बैंक, मुंबई कार्यालय, फोर्ट, मुंबई-400001 द्वारा **9 अप्रैल, 2020** को संचालित की जाएगी। नीलामी हेतु बोलियां भारतीय रिजर्व बैंक कोर बैंकिंग सोल्यूशन (ई-कुबेर) प्रणाली संबंधी इलेक्ट्रॉनिक प्रपत्र में **9 अप्रैल, 2020** को प्रस्तुत की जानी चाहिए। अप्रतिस्पर्धी बोलियां पूर्वाह्न 10.30 बजे से पूर्वाह्न 11.00 बजे के बीच और प्रतिस्पर्धी बोलियां पूर्वाह्न 10.30 बजे से पूर्वाह्न 11.30 बजे के बीच प्रस्तुत की जानी चाहिए।

कब निर्गमित कारोबार

4. यह स्टॉक, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, 'कब निर्गमित' कारोबार के लिए पात्र होगा।

निर्गम की तारीख और स्टॉक के लिए भुगतान

5. नीलामी का परिणाम भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपने फोर्ट स्थित मुंबई कार्यालय में **9 अप्रैल, 2020** को प्रदर्शित किया जाएगा। सफल बोलीदाताओं द्वारा भुगतान **13 अप्रैल, 2020** अर्थात् **निर्गम/पुनर्निर्गम** की तारीख को किया जाएगा। स्टॉक के लिए भुगतान में नीलामी में आबंटित स्टॉक के अंकित मूल्य पर, मूलनिर्गम/अंतिम कूपन भुगतान की तारीख से प्रोद्भूत ब्याज देय होने की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज शामिल होगा जैसा कि पैरा 6 में तालिका में उल्लिखित है।

ब्याज का भुगतान और स्टॉक का पुनर्भुगतान

6. मूल निर्गम/अंतिम कूपन भुगतान की तारीख से स्टॉक के अंकित मूल्य पर ब्याज प्रोद्भूत होगा तथा इसका भुगतान अर्द्धवार्षिक आधार पर किया जाएगा। स्टॉक का पुनर्भुगतान परिपक्वता की तारीख पर सममूल्य पर किया जाएगा।

प्रतिभूति का नाम	**कूपन दर (%)**	**अंतिम कूपन भुगतान की तारीख**	**किस तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज देय है**	**कूपन भुगतान की तारीख (तारीख/माह)**
नया सरकारी स्टॉक, 2022	लाभ आधारित #	नया स्टॉक	नया स्टॉक	13 अक्तूबर और 13 अप्रैल
6.45% सरकारी प्रतिभूति 2029	6.45	7 अप्रैल, 2020	12 अप्रैल, 2020	07 अक्तूबर और 07 अप्रैल
नया सरकारी स्टॉक, 2060	लाभ आधारित #	नया स्टॉक	नया स्टॉक	15 सितम्बर और 15 मार्च

 # प्रतिभूति के लिए कूपन दर का निर्णय नीलामी में निर्धारित परिपक्वता दर की कटभुगतान अर्द्ध आफ लाभ पर किया जाएगा। ब्याज का-वार्षिक आधार पर किया जाएगा,

भारत के राष्ट्रपति के आदेश से

3/4/20

((रजत कुमार मिश्र)

संयुक्त सचिव, भारत सरकार